दैनिक जागरण एवं PRATAP UNIVERSITY ( महाराणा प्रताप समूह )

के संयुक्त तत्वावधान में

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कानपुर



सोमवार, दिनांक 22 जनवरी 2024

आयोजक


## शैलेन्द्र भदौरिया

कुलाधिपति, प्रताप विश्वविद्यालय


( महाराणा प्रताप समूह )

उ.प्र. • राजस्थान • दिल्ली

# प्रेरणास्रोत



जय श्री राम



## कार्यक्रम की रुपरेखा

- 500 वर्षों के लम्बे इंतजार के बाद दिनांक 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा की भव्य तैयारी हो रही थी। इस पावन मौके पर हर कोई उत्सव की तैयारी कर रहा था। कानपुर शहर में भी पूरा माहौल राममय हो चुका था।
- कानपुर में इस अवसर पर अपनी सहभागिता हेतु प्रताप विश्वविद्यालय (महाराणा प्रताप समूह) ने प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाने की रुपरेखा तैयार की। जिसके अंतर्गत कानपुर शहर के 5 प्राचीन मंदिरों पर उसी दिन यानी सोमवार 22 जनवरी 2024 को पूजन कार्य करना तय किया गया।
- पूजन कार्य के साथ-साथ लोगों को अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जोड़ने हेतु सभी मंदिरों पर विशाल एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण दिखाने की रुपरेखा भी तैयार की गई ताकि वहां पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का अयोध्या धाम से जुड़ाव हो सके।
- इस दौरान लोगों के लिए भव्य प्रसाद भंडारे का आयोजन भी किया गया ताकि प्रत्येक व्यक्ति भक्ति भाव के साथ साथ प्रसाद ग्रहण कर सके।
- इन 5 प्राचीन मंदिरों में प्रमुख रूप से पनकी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, बिठूर में वाल्मीकि आश्रम व सीता रसोई, रंजीतपुर भाऊपुर में स्थित पवन तनय आश्रम, भोगनीपुर के कुड़नी दरबार हनुमान मंदिर एवं शारदा नगर स्थित सूर्य मंदिर को शामिल किया गया। इन मंदिरों में रामकथा, सुन्दरकांड पाठ, हवन इत्यादि के आयोजन की व्यवस्था की गई।



# कानपुर के 5 प्राचीन मंदिर




**श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर**

पनकी धाम



**वाल्मीकि आश्रम, सीता रसोई**

बिठूर




**श्री पवन तनय आश्रम**

रंजीतपुर, भाऊपुर, कानपुर देहात




**श्री हनुमान मंदिर**

कुड़नी दरबार, साढ़ भीतरगांव




**सूर्य मंदिर**

शारदा नगर

## सन्देश

जय श्री राम।।

रामजन्मभूमि मंदिर निर्माण हम सभी रामभक्तों के लिए बहुत ही भावुक क्षण है। असंख्य लोगों ने इसके लिए अपने प्राणों का आहुति दी है।

मै 10 वर्ष का था किन्तु वे पल मेरी स्मृति में आज भी अंकित हैं। मै फतेहगढ़ में अपने पिता के साथ था और बतौर कारसेवक रामभक्तों के लिए भोजन, दवा एवं अन्य जरूरी सामग्री का संग्रह कर वितरण कार्य कर रहा था। उस वक्त कांची पीठ के शंकराचार्य एवं डा. मुरली मनोहर जोशी जी के साथ मेरे पिता एवं परिवार के सदस्यों ने गिरफ्तारी दी थी जिन्हें फतेहगढ़ के ही एक डिग्री कालेज में अस्थायी जेल में रखा गया था।

जब 6 दिसम्बर 1992 को बाबरी मस्जिद का विवादित ढांचा ढहाया गया तो मेरे पिता स्व. श्री रामसिंह भदौरिया अन्य परिवार के सदस्यों के साथ वहां मौजूद थे और यह मेरे लिए बहुत ही गर्व का विषय है कि मेरा और मेरे परिवार का रामजन्मभूमि आंदोलन जैसे पुनीत कार्य से जुड़ाव रहा है।

अपनी उन्ही स्मृतियों के चलते मैने कानपुर में इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के आयोजन का प्रण लिया। कानपुर शहर में इस पावन एवं भव्य उत्सव को मनाने के लिए 22 जनवरी को ही हमने कानपुर के 5 प्राचीन एवं प्रतिष्ठित मंदिरों में श्रीरामकथा, सुंदर कांड एवं प्रसाद भोज का आयोजन किया।

हम सभी पर प्रभु श्री राम का आशीर्वाद बना रहे। जय श्री राम।।

**शैलेन्द्र भदौरिया**

कुलाधिपति, प्रताप विश्वविद्यालय

महाराणा प्रताप समूह



TIMES OF INDIA

# Grand bhandaras in Kanpur temples on consecration day

TIMES NEWS NETWORK

**Kanpur:** After Prime Minister Narendra Modi's suggestion to launch a weeklong cleanliness campaign and offer prayers at nearby temples on the day of consecration ceremony in Ayodhya on January 22, the Sangh Parivar has made extensive plans to celebrate the occasion in a big way.

While "akshat" distribution by the RSS and the VHP with an aim to connect with more than 10 crore families is going on, people across the country are gearing up to celebrate the consecration ceremony at their respective homes or nearby temples for which the cleanliness campaign is also taking place on a large scale.

The regions nearby Ayodhya including Allahabad and Kanpur are witnessing enthusiasm amongst the Ram Bhaktas, who have organised bhandars and bhajan to mark the occasion. "After a wait of more than 500 years, the construction of Ram Temple has been completed. Entire Hindu society is upbeat and celebrating the "Pran Pratishtha" ceremony," said Shailendra Bhadauria, who has organised "Bhandara" at five prominent temples of Kanpur on January 22 when the consecration ceremony will take place.




Owner of Maharana Group of Institutions and Chancellor of Pratap University, Bhadauria has organised the bhandara at Panki dham temple, Kalyanpur, Pawan tanay hanuman Temple, Bhaupur, Kudhni hanuman ghatamour bhitar gaon, Sita rasoi Valmiki Ashram Bithoor and Surya Mandir, Sharda Nagar, Kanpur. "More than 1 lakh devotees are expected at these temples to watch the consecration ceremony," said Bhadauria, who had taken part in Mandir movement as an RSS volunteer. He said giant screens are being installed for live-streaming of the consecration ceremony.

The RSS, VHP and other saffron organisations including the BJP are mobilising people to celebrate the occasion by lighting earthen lamps in their houses and visiting nearby temples for three hours from 11 am to 3 pm on January 22, the "Muhurt" for the "Pran Pratishtha". The two organisations have been inviting guests for the event.

"On January 1, we launched a fortnight campaign to give "Akshat" to over 10 crore families and reach out to 60 crore people," said VHP's chief spokesperson Vinod Bansal.

23rd January 2024

## मीडिया कवरेज

दैनिक जागरण

# पांच मंदिरों में आज से शुरू हो जाएगी विशेष पूजा

- दैनिक जागरण व प्रताप विश्वविद्यालय की ओर से किया जा रहा आयोजन
- अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा का दिखाया जाएगा सजीव प्रसारण



शैलेन्द्र भदौरिया ● संस्थान

जासं, कानपुर : अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर शहर के पांच प्राचीन मंदिरों में विशेष पूजा महोत्सव का आयोजन दैनिक जागरण और प्रताप विश्वविद्यालय (महाराणा प्रताप समूह) की ओर से किया जा रहा है। मंदिरों में विशेष सजावट का काम शनिवार से ही शुरू हो गया। श्रीराम चरित मानस का अखंड पाठ और सोमवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

दैनिक जागरण

PRATAP UNIVERSITY (महाराणा प्रताप समूह)

प्रताप विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शैलेन्द्र भदौरिया ने बताया कि शहर के पांच प्रमुख मंदिरों में पूजन -अर्चन के साथ ही अयोध्या से भगवान श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का सजीव प्रसारण भी कराया जा रहा है जिससे श्रद्धालुओं को अयोध्या उत्सव में सम्मिलित होने का आनंद मिल सके। जिन पांच मंदिरों में आयोजन किया जा रहा है उनमें प्रमुख रूप से श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पनकी धाम, बिठूर में वाल्मीकि आश्रम सीता रसोई, रंजीतपुर स्थित पवन तनय आश्रम, साढ़ भौगनीपुर के कुड़नी दरबार हनुमान मंदिर और शारदा नगर स्थित सूर्य मंदिर शामिल है।

उन्होंने बताया कि श्रीराम जन्म भूमि आंदोलन में वह 10 वर्ष की अल्पायु में पिता के साथ फतेहगढ़ के आंदोलन में शामिल हुए। फतेहगढ़ में कांची और पीठ के शंकराचार्य और डा. मुरली मनोहर जोशी के नेतृत्व में फतेहगढ़ राम मंदिर आंदोलन के लिए गिरफ्तारी दी। 6 दिसंबर 1992 को भी वह अपने पिता स्वर्गीय राम सिंह भदौरिया व परिवार के सदस्यों के साथ अयोध्या में मौजूद रहे।

21st January 2024

# मंदिरों में भव्य उत्सव शुरू

जासं, कानपुर : कानपुर शहर के पांच प्राचीन मंदिरों में दैनिक जागरण व प्रताप विश्वविद्यालय (महाराणा प्रताप समूह) की ओर से अयोध्या भव्य उत्सव का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शैलेन्द्र भदौरिया ने पवन तनय मंदिर में पूजन अर्चन के साथ श्रीरामचरित मानस के अखंड पाठ और पनकी के श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड शुरू कराया।

रंजीतपुर स्थित पवन तनय मंदिर को केदारनाथ धाम मंदिर की तरह 10 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। यहां रामचरित मानस का अखंड पाठ हो रहा है। इसी तरह पनकी धाम मंदिर में सुंदरकांड पाठ हो रहा है। कुलाधिपति ने बताया कि अयोध्या में भगवान रामलला का मंदिर देश के करोड़ों भक्तों की पांच सौ साल की प्रार्थनाओं का प्रतिफल है। ऐसे में पांच प्रमुख मंदिरों में पूजन-अर्चन व उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सभी जगह पर एलईडी लगाई जा रही है, जहां प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सजीव प्रसारण होगा। सोमवार को सुबह सूर्य मंदिर शारदा नगर के बाद वह कुढ़नी दरबार, दोपहर 12 बजे पवन तनय आश्रम , दो बजे पनकी धाम मंदिर और शाम चार बजे वाल्मीकि आश्रम बिठूर में पूजन कर शाम पांच बजे सूर्य मंदिर शारदानगर वापस पहुंचेंगे।

दैनिक जागरण

PRATAP UNIVERSITY (महाराणा प्रताप समूह)



सूर्य मंदिर मे पूजन करते प्रताप वि . के कुलाधिपति शैलेंद्र भदौरिया ● संस्थान

22nd January 2024

# मीडिया कवरेज

दैनिक जागरण

# गूंजी रामधुन, सजीव प्रसारण और भंडारे से राममय हुए मंदिर

- प्रताप विश्वविद्यालय, दैनिक जागरण के सहयोग से मंदिरों में मना उत्सव
- श्रद्धालुओं ने मंदिरों में की पूजा अर्चना, भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद



शारदा नगर स्थित सूर्य मंदिर में हनुमान जी की पूजा करते प्रताप विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शैलेन्द्र भदौरिया ● प्रबंधन

जासं, कानपुर : एलईडी स्क्रीन पर अयोध्या से श्रीराम मंदिर का सजीव प्रसारण देख रहे श्रद्धालु और रामनाम धुन के संकीर्तन ने सोमवार को जिले के पांच प्रमुख मंदिरों का पूरा परिवेश राममय बना दिया। जो भी रास्ते से गुजरा वह मंदिर में प्रवेश कर श्रद्धा से शीश नवाने और भंडारे का प्रसाद पाने से खुद को नहीं रोक सका। दैनिक जागरण और प्रताप विश्वविद्यालय (महाराणा प्रताप समूह) की ओर से जिले के पांच प्रमुख मंदिरों पनकी धाम स्थित श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर, शारदा नगर के सूर्य मंदिर, रंजीतपुर के पवन तनय आश्रम, भीतरगांव के कुड़नी दरबार और बिठूर के वाल्मीकि आश्रम में सोमवार को आयोजित उत्सव ने लाखों लोगों को राम भक्ति के रंग में रंग दिया।

प्रताप विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शैलेन्द्र भदौरिया ने सोमवार सुबह सूर्य मंदिर से पूजन अर्चन कर दिन भंडारे का शुभारंभ किया। इसके बाद कुड़नी दरबार, पवन तनय आश्रम और वहां से पनकी धाम मंदिर पहुंचे। यहां से उन्होंने वाल्मीकि आश्रम बिठूर पहुंचकर पूजा की। मंदिरों में पूरे दिन भंडारा चलता रहा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही देश में नए युग की शुरुआत हो गई है। पनकी धाम मंदिर पर मंगलवार को भी भंडारे का आयोजन होगा।

23rd January 2024

# मीडिया कवरेज

epaper
हिन्दुस्तान

## प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव मनाएगा प्रताप यूनिवर्सिटी



कानपुर। प्रताप यूनिवर्सिटी प्रशासन अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाएगा। सोमवार को शहर के पांच प्राचीन मंदिरों में पूजापाठ व भंडारे का कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शैलेंद्र भदौरिया ने तैयार किया है। श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पनकीधाम, वाल्मिकी आश्रम सीता रसोई बिठूर, पवन तनय आश्रम रंजीतपुर, साढ़ भोगनीपुर स्थित कुड़नी दरबार हनुमान मंदिर और शारदा नगर स्थित सूर्य मंदिर में पूजा-अर्चना की जाएगी।

21st January 2024



## महाराणा प्रताप समूह का मंदिरों में आयोजन

कानपुर। शहर के पांच प्राचीन मंदिरों में 22 जनवरी को होने वाले भव्य महोत्सव की शुरुआत हो चुकी है। प्रताप विश्वविद्यालय (महाराणा प्रताप समूह) के कुलपति शैलेंद्र भदौरिया ने बताया मंदिरों में रामकथा व सुंदर के पाठ शुरू हो गए हैं। रंजीतपुर स्थित पवन तनय आश्रम 10 कुंतल फूलों का श्रृंगार, पनकी धाम में सुंदरकांड पाठ व अयोध्या से लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई।

22nd January 2024



प्रताप विश्वविद्यालय और प्रताप इंटरनेशनल स्कूल ने शहर के पांच प्राचीन मंदिरों में पूजा-पाठ किया। शारदा नगर स्थित सूर्य मंदिर में सुंदरकांड और भंडारा हुआ। कुलाधिपति शैलेंद्र भदौरिया ने सभी मंदिरों में पूजा की।

23rd January 2024

अमर उजाला

## महाराणा प्रताप समूह ने कराए भंडारे



प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर महाराणा प्रताप समूह ने कानपुर एवं आसपास के पांच मंदिरों में पूजा पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया। प्रताप विश्वविद्यालय शैलेंद्र भदौरिया ने श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पनकी धाम, बिठूर के वाल्मीकि आश्रम की सीता रसोई, रंजीतपुर स्थित पवन तनय आश्रम में पूजा अर्चना की।

23rd January 2024

# कार्यक्रम की झलकियाँ



शारदा नगर में हनुमान जी का तिलक



शारदा नगर स्थित रामदरबार में



पनकी धाम में सुंदरकांड करते मंडली के लोग




कुढ़नी दरबार में प्रसाद भंडारा वितरण



कुढ़नी दरबार में सुंदरकांड करते हुए



कुढ़नी दरबार में मंदिर परिक्रमा करते हुए



पवन तनय आश्रम में दर्शन करते हुए



पवन तनय आश्रम में सजीव प्रसारण देख जय श्री राम का उद्घोष

# कार्यक्रम की झलकियाँ



पनकी धाम में भंडारा व सजीव प्रसारण देखते भक्त



पवन तनय आश्रम में देर रात तक होता रहा भंडारा प्रसाद वितरण



पनकी धाम में दर्शनोपरांत मंदिर परिक्रमा करते हुए



पनकी धाम में एलईडी पर सजीव प्रसारण के दौरान



पवन तनय आश्रम में महंत जी का आशीर्वाद लेते हुए



कुढ़नी मंदिर में रामदरबार में पूजा अर्चना करते हुए



पनकी धाम में महिला श्रद्धालुओं को भंडारा प्रसाद वितरण



वाल्मीकि आश्रम बिठूर में पूजन उपरांत




ORGANIZED BY

**PRATAP UNIVERSITY**

**(A VENTURE OF MAHARANA PRATAP GROUP)**

Sunderpura, Chandwaji, Jaipur-303104 (Rajasthan)

Contact : +91 8955405959, +91 8000125302

• Email : info@pratapuniversity.in

• www.pratapuniversity.in



**Shailendra Bhadauria**

Chancellor

